GIS 2025

बदलते जमाने का अखबार

पीपुल्स समाचार

8 पृष्ठ

भोपाल

24 फरवरी 2025, सोमवार

स्थापना वर्ष 2009

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और नई दिल्ली से प्रकाशित

विक्रम 2081, हिजरी 1446

फाल्गुन कृष्ण एकादशी

twitter.com/psamachar1 facebook.com/peoplessamachar1 whatsapp 9644644460 instagram.com/peoplessamachar1 www.peoplessamachar.in

निवेशकों से बोले-पीएम मोदी

MP नए सेक्टर्स के लिए शानदार डेस्टिनेशन

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन मन मोह लेता है।

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

editor@peoplessamachar.co.in

भोपाल में पहली बार हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को किया। उन्होंने प्रदेश की तारीफ करते हुए कहा कि देश की ईवी क्रांति में सबसे आगे मध्य प्रदेश है। यहां जनवरी 2025 तक करीब दो लाख ईवी रजिस्टर्ड हुए। मप्र मैन्युफैक्चरिंग के नए सेक्टर्स के लिए भी शानदार डेस्टिनेशन है। यहां हर वो संभावना है जो इसे टॉप 5 राज्यों में ला सकता है।

निवेशकों को बताईं मप्र की विशेषताएं..

- **रोड नेटवर्क:** मप्र में 5 लाख किलोमीटर से अधिक का रोड नेटवर्क है। लॉजिस्टिक से जुड़े सेक्टर की ग्रोथ तय है।
- **पेट्रो केमिकल:** सरकार ने बीना रिफाइनरी पेट्रो केमिकल कॉम्पलेक्स पर 50 हजार करोड़ का निवेश किया है। ये मप्र को पेट्रो केमिकल का हब बनाने में मदद करेगा।
- **एनर्जी:** बीता दशक भारत के लिए एनर्जी सेक्टर की ग्रोथ का रहा है। ग्रीन एनर्जी को लेकर भारत ने वो कर दिखाया जिसकी कल्पना तक मुश्किल थी। दस सालों में देश में करीब 70 बिलियन डॉलर रिन्युएबल एनर्जी सेक्टर में इंवेस्ट हुआ है। रीवा सोलर पार्क देश के सबसे बड़े सोलर पार्क में से एक है।
- **इंडस्ट्रियल जोन :** मप्र में 300 से ज्यादा इंडस्ट्रियल जोन हैं। पीथमपुर, रतलाम और देवास में हजारों एकड़ के इंडस्ट्रियल जोन डेवलप किए जा रहे हैं।
- **जनसंख्या और कृषि:** मध्यप्रदेश पॉपुलेशन के हिसाब से भारत का पांचवां बड़ा राज्य है। कृषि के मामले में भारत के टॉप के राज्यों में है। मिनरल के हिसाब से भी टॉप 5 राज्यों में है। मध्यप्रदेश को जीवनदायनी मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त है।

अडाणी 2.10 लाख करोड़ करेंगे निवेश

- **1 लाख 20 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा:** वीडियो मैसेज में अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने माइनिंग, स्मार्ट व्हीकल, थर्मल एनर्जी सेक्टर में एक लाख 10 हजार करोड़ निवेश का ऐलान किया। इससे सन 2030 तक 1 लाख 20 हजार लोगों को रोजगार मिल सकेगा। सरकार के साथ बातचीत के बाद एक लाख करोड़ का अतिरिक्त इन्वेस्ट करेंगे।
- **मप्र सरकार सभी क्षेत्रों में सफल:** गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के चेयनपर्सन नादिर गोदरेज ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि मप्र सरकार अब सभी क्षेत्रों में सफल हो रही है। यहां विकास स्थिर रूप से आगे बढ़ रहा है। इसलिए गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप मध्य प्रदेश में निवेश करने जा रहा है।

18 से अधिक नई नीतियां लॉन्च की, लघु फिल्म का प्रदर्शन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश सरकार की निवेश को प्रोत्साहित करने वाली 18 से अधिक नई नीतियां भी लॉन्च कीं। कार्यक्रम में प्रदेश की औद्योगिक संभावनाओं पर केंद्रित लघु फिल्म 'मध्य प्रदेश-अनंत संभावनाएं' का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरते भारत पर केंद्रित लघु फिल्म 'इंडिया ग्रोथ स्टोरी' का भी प्रदर्शन भी किया गया।